संख्या–cm-348
18/10/2024

मुख्यमंत्री ने पटना जंक्शन के समीप निर्माणाधीन मल्टीलेवल हब एवं भूमिगत मार्ग (सब–वे) का किया निरीक्षण, निर्माण कार्य तेजी से पूर्ण करने का दिया निर्देश

पटना, 18 अक्टूबर 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पटना जंक्शन के समीप निर्माणाधीन मल्टीलेवल हब एवं भूमिगत मार्ग (सब–वे) का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री निर्माणाधीन तीन मंजिला मल्टीलेवल हब के सबसे ऊपरी तल पर पहुंचे। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री को साइट प्लान के द्वारा निर्माण कार्यों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मल्टीलेवल पार्किंग में 32 बस एवं 225 कार पार्किंग की व्यवस्था है। इस पार्किंग का सीधा सम्पर्क बुद्धस्मृति पार्क के पास बने हुये पार्किंग एवं पटना रेलवे जंक्शन से सब–वे के माध्यम से होगा। लोगों को गाड़ी पार्क करने के बाद पटना जंक्शन जाने में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। इसके बन जाने से पटना जंक्शन के आस–पास लगनेवाले जाम से लोगों को निजात मिलेगी। लोगों को हनुमान मंदिर जाने में भी सुविधा होगी।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करें। मल्टीलेवल पार्किंग की छत पर सोलर प्लेट भी लगाएं ताकि यहां की बिजली की आवश्यकता को पूर्ण किया जा सके।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने मल्टीलेवल पार्किंग से पटना जंक्शन के निर्माणाधीन सब–वे का निरीक्षण किया। ज्ञातव्य है कि इस परियोजना का उद्देश्य पटना जंक्शन रेलवे स्टेशन परिक्षेत्र अन्तर्गत यातायात व्यवस्था को विकसित किया जाना है। पटना जी०पी०ओ० गोलम्बर के समीप मल्टीलेवल पार्किंग (हब) का निर्माण किया जा रहा है, जो यातायात के विभिन्न स्त्रोतों को जोड़ने वाला एक प्रमुख केन्द्र है। यहां सिटी बस, ऑटो, टैक्सी एवं निजी कार पार्किंग की व्यवस्था है, जहाँ से पटना रेलवे स्टेशन तथा महावीर मंदिर, बुद्धा पार्क को जोड़ने हेतु सब–वे का निर्माण किया गया है। यात्रियों के लिए मल्टीलेवल पार्किंग से पटना जंक्शन तक की सब–वे की कुल लम्बाई 440 मीटर है। इसमें ट्रैवलेटर की संख्या–04 होगी, जिनकी लम्बाई क्रमशः 18 मीटर, 30 मीटर, 45 मीटर एवं 55 मीटर अर्थात कुल 148 मीटर है। एस्केलेटर की संख्या–02 तथा अंडर ग्राउंड बॉक्स एरिया लिफ्ट की संख्या–02 (महावीर मंदिर निकास के पास एवं मल्टी–लेवल पार्किंग के पास) होगी। भूमिगत लम्बाई में हेल्थ वेन्टिलेशन एयर कंडिशनिंग की व्यवस्था होगी। इसमें 03 जगहों– मल्टीलेवल पार्किंग के निकट, बुद्धा स्मृति पार्क तथा पटना जंक्शन के निकट हनुमान मंदिर के बगल से प्रवेश/निकास की व्यवस्था होगी। इस सब–वे के निर्माण से ट्रेन यात्रियों को आवागमन में सहूलियत होगी और उन्हें कहीं भी जाम का सामना नहीं करना पड़ेगा। पैदल यात्री रेलवे स्टेशन के ट्रैफिक जाम से बचते हुए सब–वे का उपयोग कर मल्टी–लेवल पार्किंग तक पहुंच सकेंगे और विभिन्न जगहों पर आवागमन कर सकेंगे।

निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पटना जंक्शन के समीप ट्रैफिक जाम की समस्या को देखते हुए इस सब–वे का निर्माण कराया जा रहा है। इस स्थान पर काफी भीड़–भाड़ रहती है, जिसके कारण रोड क्रॉस करना कठिन होता है साथ ही दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है। इस कारण सब–वे की परिकल्पना की गई। उन्होंने कहा कि इसका निर्माण कार्य बेहतर ढंग से करते हुए जल्द पूरा करें ताकि यात्रियों को आवागमन में सहूलित हो और जाम की परेशानी से उन्हें निजात मिले।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री नितिन नवीन, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव श्री अभय कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री कुमार रवि, पटना प्रमण्डल के आयुक्त श्री मयंक बरवड़े, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चंद्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड के अध्यक्ष श्री शीर्षत कपिल अशोक, नगर आयुक्त श्री अनिमेष पराशर सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

****